# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु सरपंच व पंच के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू

## पहले दिन 4 विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों के लिए आरक्षण की कार्यवाही की गई पूरी





**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज 8 जनवरी को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत रायगढ़, खरसिया, तमनार एवं लैलूंगा के सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायतों का प्रवर्गवार आरक्षण एवं पंचों के लिए वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया की गई। पहले दिन रायगढ़, तमनार, खरसिया व लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच व पंचों के वर्ग आरक्षण की प्रक्रिया लॉटरी निकालकर संपन्न की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, एडिशनल सीईओ एन.आर.पटेल व महेश पटेल सहित संबंधित विकासखण्ड के सीईओ जनपद व जनप्रतिनिधि व जनसामान्य उपस्थित रहे।

इसमें उक्त चार विकासखण्डों के कुल 301 ग्राम पंचायत सरपंच पद एवं 4100 वार्डों के पंच पद का आरक्षण किया गया। शेष जनपद पंचायत पुसौर, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्डों का तथा जनपद पंचायत रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के जनपद सदस्यों के लिए निर्वाचन क्षेत्र तथा 7 जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों का एवं जिले के 18 जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र के आरक्षण की कार्यवाही 9 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट में प्रात: 11 बजे से की जायेगी।

आज संपन्न हुए आरक्षण प्रक्रिया के अनुसार जनपद पंचायत रायगढ़ के 84 ग्राम पंचायत के सरपंच पद में से अजा हेतु 12 ग्राम पंचायत में से 06 महिला एवं 06 मुक्त हुए, अजजा हेतु 24 ग्राम पंचायत में से 12 महिला एवं 12 मुक्त हुए, अपिव हेतु 06 ग्राम पंचायत में से 03 महिला एवं 03 मुक्त हुए तथा अनारक्षित हेतु 42 ग्राम पंचायत में से 21 महिला एवं 21 मुक्त हुए। जनपद पंचायत रायगढ़ के कुल 1110 वार्डों के पंच पद में से अ.जा.हेतु 163 वार्ड में से 107 महिला एवं 56 मुक्त हुए, अजजा हेतु 322 वार्डों में से 180 महिला एवं 142 मुक्त हुए, अपिव हेतु 92 वार्डों में से 61 महिला एवं 31 मुक्त हुए तथा अनारक्षित हेतु 533 में से 289 महिला एवं 244 मुक्त हुए।

जनपद पंचायत खरसिया के 81 ग्राम पंचायत के सरपंच पद में से अजजा हेतु 81 ग्राम पंचायत में से 41 महिला एवं 40 मुक्त हुए। जनपद पंचायत खरसिया के कुल 1128 वार्डो के पंच पद में से अ.जा. हेतु 142 वार्ड में से 94 महिला एवं 48 मुक्त हुए, अजजा हेतु 627 वार्डों में से 331 महिला एवं 296 मुक्त हुए तथा अनारक्षित हेतु 359 में से 200 महिला एवं 159 मुक्त हुए।

जनपद पंचायत तमनार के 61 ग्राम पंचायत के सरपंच पद में से अजजा हेतु 61 ग्राम पंचायत में से 31 महिला एवं 30 मुक्त हुए। जनपद पंचायत तमनार के कुल 811 वार्डो के पंच पद में से अ.जा.हेतु 78 वार्ड में से 62 महिला एवं 16 मुक्त हुए, अजजा हेतु 468 वाडों में से 248 महिला एवं 220 मुक्त हुए तथा अनारक्षित हेतु 265 में से 149 महिला एवं 116 मुक्त हुए।

जनपद पंचायत लैलूंगा के 75 ग्राम पंचायत के सरपंच पद में से अजजा हेतु 75 ग्राम पंचायत में से 38 महिला एवं 37 मुक्त हुए। जनपद पंचायत लैलूंगा के कुल 1051 वार्डो के पंच पद में से अ.जा.हेतु 77 वार्ड में से 59 महिला एवं 18 मुक्त हुए, अजजा हेतु 699 वार्डों में से 368 महिला एवं 331 मुक्त हुए तथा अनारक्षित हेतु 275 में से 158 महिला एवं 117 मुक्त हुए।

# नाबालिग को बहलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया



**रायगढ़**

रायगढ़ के जूटमिल क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहलाकर भगा ले जाने के आरोप में जूटमिल पुलिस ने 24 वर्षीय युवक अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर कल जेल भेज दिया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब लड़की के पिता ने 03 जनवरी को जूटमिल थाने में अपनी बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

लड़की के पिता ने बताया कि वह सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का निवासी है और परिवार सहित जूटमिल में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता है। 31 दिसंबर 2024 को जब वह और उसकी पत्नी काम पर गए हुए थे, तब उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। रात्रि में वापस लौटने पर जब बेटी के गायब होने की जानकारी मिली, तो उन्होंने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों से पता करने की कोशिश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला, तो थाने में शिकायत दर्ज कराई। जूटमिल पुलिस द्वारा अप.क्र. 04/2025 धारा 137(2) भान्यासं के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध दर्ज किया गया।

जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि अभिषेक यादव नामक युवक ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अभिषेक यादव को हिरासत में लिया और लड़की को उसके कब्जे से सुरक्षित बरामद किया।

पुलिस ने लड़की का बयान दर्ज करने के साथ-साथ मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी के खिलाफ शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करना पाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2), 65(1), 87 और पोक्सो एक्ट की धारा 6 प्रकरण में विस्तार किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अग्निवीर भर्ती रैली आयोजन में सहयोगी रही संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**रायगढ़**

अग्निवीर भर्ती रैली की मेजबानी में रायगढ़ जिला प्रशासन के सहयोगी रहे सामाजिक संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों व नगर निगम रायगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव व आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे। इस मौके पर कलेक्टर गोयल ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन संपन्न हुआ।

अग्निवीर भर्ती रैली प्रकिया 4 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर तक चली। रायगढ़ स्टेडियम में इस भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया था। भर्ती में प्रदेशभर के लगभग हजारों युवाओं ने भाग लिया। भर्ती में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए अभ्यर्थियों को रुकने के लिए बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन के आस पास सभी सामुदायिक भवनों में ठहराया गया था, जहां उन्हें भोजन, नाश्ता एवं सोने के लिए गद्दे, कंबल, पानी की व्यवस्था भी की गई थी। प्रतिदिन आने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन एवं जन सहयोग सामाजिक संगठनों के माध्यम से भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में तथा निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देशानुसार निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने अग्निवीर भर्ती रैली के आयोजन को सफल बाने दिन रात व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया। रायगढ़ में पहली बार होने वाले अग्निवीर भर्ती में जिला प्रशासन के साथ शहर के सामाजिक संस्थाओं गुरु सिंह सभा, बजरंग अग्रवाल, ए.आर गुरप राकेश अग्रवाल, सराफा एसोसिएशन, टिल्लू मेमोरियल, जय अंबे रोड लाइन, रोटरी क्लब ग्रेटर, रोटरी क्लब रॉयल, रोटरी क्लब स्टील सिटी, जेसीआई क्लब रायगढ़, रामेश्वर धाम सेवा समिति, दिव्य शक्ति कविता बेरीवाल, लायंस क्लब प्राइड आशा बेरीवाल, अनूप बंसल, राजेश अग्रवाल, करण अग्रवाल, राजेश सिंघानिया, अभिलाष कछवाहा ने भी हिस्सा लेकर और भोजन नाश्ता की व्यवस्था में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

**देश भर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर एकत्रित होंगे छत्तीसगढ़ के शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में**

# राष्ट्रीय पैथोलॉजिस्ट कान्फ्रेंस में होंगे शामिल, संपूर्ण छत्तीसगढ़ के डॉक्टर और पीजी छात्र होंगे लाभान्वित

❒ **हीमोफीलिया, सिकल सेल बीमारी के एआई (आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस) बेस्ड एडवांस ट्रीटमेंट पर होगी विस्तृत चर्चा**




**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया हैं। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा 10 जनवरी से 12 जनवरी तक इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलाजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स के (कैप्कॉन 2024-25) छत्तीसगढ़ चैप्टर का तीन दिवसीय 20वाँ वार्षिक वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। छतीसगढ़ की परिस्थिति को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए इस कॉन्फ्रेंस का विषय- अनलॉकिंग द सीक्रेट्स ऑफ डिजीज ए एडवांसेज एन पैथोलॉजी(पैथोलॉजी में रोगों की प्रकृति के रहस्यों को पता लगाना) स्वास्थ्य से संबंधित रखा गया है।

इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं पड़ोसी राज्य के समस्त चिकित्सक, पैथोलॉजिस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति की संभावना है। रायगढ़ में छत्तीसगढ़ चैप्टर इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलाजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स का पहला कॉन्फ्रेस होने जा रहा हैं। कॉन्फ्रेंस के आयोजक अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार मिंज ने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश के प्रख्यात चिकित्सक संबंधित विषय में एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा करेंगे। इसका लाभ जनसामान्य के साथ शामिल सभी चिकित्सक पैथोलाजिस्ट सहित पीजी छात्र-छात्राओ को पहुंचेगा।

कॉन्फ्रेंस में ब्लीडिंग डिसऑड्रस एण्ड कॉगुलेशनडिस ऑर्डर जैसे हैमोफिलिया, इम्युनियो हिस्टो-केमिस्ट्री पर कैंसर इत्यादि में निश्चित डायग्नोसिस (निदान),एआई के साथ पैथोलॉजी का सही सरल उपयोग तथा डाटा बेस डिजिटल सोल्यूसन, सिकल सेल बीमारी का उन्नत आधार पर उपचार, गांठ के सुई से जाँच की पैथोलॉजी निदान तकनीक में वैज्ञानिक निष्कर्ष, स्टोरमिंग सेशन एण्ड प्रेज़ेंटेशन, ऑटोप्सी केयर क्लिनिकोपैथोलॉजिकल कॉन्फ्रेंस एंड केस डिस्कशन, विश्व स्वास्थ्य संगठन 5वें संस्करण से मूत्राशय के ट्यूमर को बेहतर ढंग से निदान, नरम ऊतक ट्यूमर के निदान के लिए दृष्टिकोण, बॉर्डरलाइन डिम्बग्रंथि ट्यूमर दुविधाओं को दूर करना एवं अप्रोच टू नेटिव रीनल (किडनी) बायोप्सी विषयों पर चर्चा होगी।

# राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण




**रायगढ़**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् समस्त विकासखंड के चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डॉग बाइट एवं किसी अन्य जीव जंतु बाइट के मरीजों के जांच एवं उपचार तथा जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजित की गई थी। जिसमें समय पर वेक्सीन लगवाने एवं सावधानी के बारें में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, नोडल अधिकारी डॉ.केनन डेनियल, डॉ.सुमित कुमार एस मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, एपिडर्मियोलॉजिस्ट डॉ. कल्याणी

# छत्तीसगढ़िया व्यंजनों का स्वाद लेने सरस मेला में उमड़ रही भीड़

❒ **देहाती बड़ा के साथ ठेठरी, खुरमी व गुलगुला भजिया का ले रहे आनंद**





**रायगढ़**

रायगढ़ में आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला में छत्तीसगढिय़ा व्यंजनों का स्वाद लेने जिले के विभिन्न इलाकों से लोग पहुंच रहे है। इस मेले में छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से आए महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढिय़ा व्यंजन तैयार किए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्षेत्रीय सरस मेला 2025 का आयोजन 3 से 12 जनवरी 2025 तक रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम महिला स्व सहायता के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। जिसमें महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्कृष्ठ उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। साथ ही क्रार्यक्रम स्थल में स्थानीय छत्तीसगढ़ीया व्यंजनों का भी स्टाल लगाया गया है। जिसका आनंद बाहर से आये आंगतुकों द्वारा लिया जा रहा है। गरियाबंद के स्टॉल क्रमांक 211 में मॉ अम्बे स्व-सहायता समूह द्वारा 35 हजार रुपये की बिक्री के साथ लजीज व्यंजन अरसा रोटी जो की चावल आंटा गुड़, तिल, लौंग, ईलायची से मिलकर बनाया जाता है, खुरमी जो की गेहुं आंटा फली दाना लौंग इलायची से मिलाकर बनाया जाता है जो लोगों को खुब भा रहा है। ठेठरी जो की बेसन एवं अजवाइन एवं मूंगबड़ा जैसे स्वादिष्ट पकवान बनाया जा रहे है। स्टॉल क्रमांक 210 में पुसौर विकासखण्ड के गंगा महिला स्व समूह द्वारा हिरवां रोटी बनाया जा रहा है साथ ही आलु चाप, मिर्ची भजिया, ब्रैड चाप बनाया जा रहा है जिसमें 20 हजार रुपये का मुनाफा समूह की दीदीयों को मिला है।

209 रायगढ़ के दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा फरा उड़द बड़ा भजिया मिर्ची भजिया खुरमी अरसा बनाया जा रहा है। स्टॉल क्रमांक 208 में घरघोड़ा के दुर्गा समूह द्वारा मंचुरियन,मोमोस बनाया जा रहा है और इसके साथ ही सरस मेला के लाइव स्टॉल की सर्वाधिक बिक्री 52 हजार रुपये से अधिक की कर चुके है। स्टॉल क्रमांक 207 में नगर पालिका रायगढ़ का गढ़कलेवा, गुलगुला ,भजिया फरा, देहाती बड़ा व स्टॉल क्रमांक 206 में बड़ा, पकोड़ा, मिर्ची भजिया आदर्श समूह द्वारा बनाया जा रहा है। स्टॉल क्रमांक 205 में उच्चभि_ी से जय अम्बे समूह द्वारा आलु चाप, मिर्ची भजिया, ब्रैड पकोड़ा, स्टॉल क्रमांक 203 और 204 में पुसौर विकासखण्ड से बड़ा मिर्ची भजिया व केला झुल व मीठा भजिया व बालुसाही लोंगो को बहुत भा रही है। स्टॉल क्र.200, 201 व 202 में गुपचुप, एगरोल, मोमोस, अंकुरित अनाज का चाट और कटोरी चाट मेला में स्वाद बिखेर रहा है। 199 स्टॉल मे राजनांदगांव जिले से आयी वैष्णवी समूह द्वारा ठेठरी ,कुर्मा रोटी , अरसा रोटी, साबुदाना बड़ा, चौसेला, मुंगदाल पकोड़ा बनाया जा रहा है इनके द्वारा अब तक 30 हजार का बिक्रय किया गया है। इसके अलावा 3 नंबर स्टॉल में स्वादिष्ट भेल 20 रू. प्लेट में उपलब्ध है कुल मिलाकर लाइव स्टॉल द्वारा दो लाख साठ हजार रूपये की बिक्री की गयी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्द हवाओं से ठिठुर रहा छत्तीसगढ़

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में है। पूरे संभाग में शीतलहर चल रही है। प्रदेश में अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंडी और बढ़ेगी। हालांकि अभी दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं सोमवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां 7.1 डिग्री न्यून्यतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अधिकतम तापमान दुर्ग में 30.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। इससे प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही आउटर इलाकों में कोहरा छाए रहन के साथ ही कड़ाके की ठंड और ठिठुरन का अहसास होने वाला है। हालांकि अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम में बदलाव नहीं होगा। दो दिनों के बाद मौसम मी बदलाव होगा।

### ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर को दिए गए सभी काम लोनिविने किया निरस्त

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक निर्माण विभाग ने बीजापुर के ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उसे दिए गए सभी कार्य निरस्त कर दिए हैं। बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर के विभागीय मुख्य अभियंता की अनुशंसा पर प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा सुरेश चंद्राकर का पंजीयन निलंबित किया गया है। मुख्य अभियंता द्वारा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सुरेश चंद्राकर अ वर्ग ठेकेदार, बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के रूप में समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने तथा गिरफ्तार किए जाने के कारण उसके पंजीयन को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की गई थी। मुख्य अभियंता की अनुशंसा को दृष्टिगत रखते हुए विभाग ने सुरेश चंद्राकर का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं सुरेश चंद्राकर को दिए गए सडक़ निर्माण के कार्यों को लंबे समय तक बंद पाए जाने तथा कार्यों की धीमी गति के कारण उसे दिए गए सभी कार्यों को निरस्त कर दिया गया है।

### सौम्या चौरसिया को मिली जमानत, लेकिन अभी रहेंगी जेल में

**रायपुर (आरएनएस)।** लंबे समय से जेल में बंद सौम्या चौरसिया को कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट से सौम्या चौरसिया की जमानत मिल गई है। हालांकि अभी वे बाहर नही आयेंगी और जेल में ही रहेंगी। सौम्या चौरसिया को आय से अधिक संपत्ति मामले में नियत समयावधि में चार्जशीट दाखिल न होने पर एसीबी/ईओडब्लू स्पेशल कोर्ट ने जमानत दे दी है किंतु सौम्या चौरसिया अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगी क्योंकि उनके विरुद्ध कोल लेव्ही का केस चल रहा है। बता दें कि एसीबी/ईओडब्लू कोर्ट में न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी के समक्ष सौम्या चौरसिया के अधिवक्ता फैजल रिज़वी ने 7 जनवरी को ज़मानत आवेदन पेश किया था। अधिवक्ता के आवेदन में बताया कि नियत समयावधि साठ दिन हो चुके हैं और चालान पेश नहीं हुआ है, इसलिए ज़मानत दी जाए। इस आवेदन के बाद एसीबी/ईओडब्लू की ओर से आवेदन देकर बहस के लिए आज का समय मांगा गया। रायपुर की विशेष अदालत (एसीबी/ईओडब्लू) ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता फैजल रिज़वी के तर्कों से सहमत होते हुए सौम्या चौरसिया को ज़मानत दे दी गई। ईडी के कोल लेव्ही स्कैम में सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से पूर्व में ज़मानत मिल चुकी है, आय से अधिक संपत्ति मामले में भी उन्हें रायपुर अदालत से ही ज़मानत मिल गई है। लेकिन सौम्या चौरसिया अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगी क्योंकि उनके विरुद्ध एसीबी/इओडब्लू ने कोल लेव्ही केस में केस दर्ज कर रखा है, और इस प्रकरण में उन्हें ज़मानत नहीं मिल सकी है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय: कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025 तक है। इसी तरह वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन भरे गए फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि 16 से 23 जनवरी 2025 तक रात्रि 11:59 बजे तक है। प्रवेश परीक्षा की तिथि 16 फरवरी 2025 दिन रविवार समय सुबह 10 बजे से 12 बजे तक 2 घंटे निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा के फार्म भरे संबंधी विस्तृत निर्देश दिए गए ऑनलाईन वेबसाईट में दिए गए है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480